प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

22.03.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

" मुख्य समाचार"

- राज्य निर्वाचन विभाग 2019 के लोकसभा चुनाव में कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केन्द्रों पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन 4 सौ 14 करेगा शुरू।
- तीन निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, के.एल. ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा सदस्यता से दिया इस्तीफा–भाजपा में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने के निर्णय को लोकतंत्र की हत्या करार दिया।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति हास्यस्पद–सरकार से अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता व मंत्री नाराज।

मनीष गर्ग

राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव–2019 के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केन्द्रों पर मतदान बढ़ाने के लिए मिशन–414 आरम्भ करने का निर्णय लिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को प्रत्येक बूथ पर 'यूथ आइकॉन' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग उन मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है, जहां मतदान बहिष्कार का इतिहास रहा है और ऐसे मतदान केंद्रों पर 'येस, आई विल वोट' थीम के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा, जिसे इन मतदान केन्द्रों या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। मनीष गर्ग ने कहा कि जन–जन से जुड़ने और उन्हें लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने के लिए साहसिक व अन्य खेल संघों को भी शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन 414 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए उत्सव अभियान के तहत विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

इस्तीफा

प्रदेश में चल रहे मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच आज तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है। इन तीनों विधायकों ने शिमला में विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा को अपना–अपना इस्तीफा सौंपा। बाद में इन विधायकों ने अपने इस्तीफे की कॉपी विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को उनके आवास पर जाकर दी। इन विधायकों में देहरा विधानसभा क्षेत्र से होशियार सिंह, नालागढ़ से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये तीनों विधायक भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इन तीनों विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई विधानसभा सीटों पर फिर से चुनाव होंगे। इसके साथ ही अब कुल 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना तय माना जा रहा है। इस्तीफा देने के बाद तीनों निर्दलीय विधायकों ने

पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया कि पिछले 15 महीने से उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य रूक गए थे और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके चलते उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विकास के हित में ये फैसला लिया है। निर्दलीय विधायकों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए जल्द ही भाजपा के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

प्रबोध सक्सेना

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग की उपस्थिति में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा आज शिमला में आयोजित प्रशासनिक सचिवों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को उनको सौंपी गई भूमिका ईमानदारी से निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा क्षेत्रों को बन्द करने और शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखने से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किए। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को कैशलेस इलाज सुविधा की अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग को दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं की सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हीलचेयर और स्वयंसेवकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नामांकन से छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता सूची में नामांकन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व, जल शक्ति विभाग और गृह ओंकार चंद वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

नाम दर्ज

प्रदेश में लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा के उपचुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूचियों में नए व छूटे हुए मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने का कार्य शुरू किया है। मतदाता सूची में 4 मई तक नाम दर्ज करवाए जा सकते हैं। नाम दर्ज करवाने वाले मतदाता अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी या एस.डी.एम. कार्यालय में फार्म नम्बर 6 भर सकते हैं। एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एन.वी.एस.पी. और वोटर हैल्पलाईन ऐप्प पर भी ई–पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है जिसमें ऑनलाईन पंजीकरण किया जा सकता है। सूचियों में मतदाताओं के नाम सुधार का कार्य 26 मार्च तक ही कराया जा सकता है। इसके अलावा वर्तमान मतदाता सूचियों में अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि विभाग की वैबसाईट सी ई ओ हिमाचल डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर भी की जा सकती है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने के निर्णय को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों के समय भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी भी कीमत में चुनाव जीतना चाहती है और विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है। दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी फंड को सीज करने को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि चुनावों के समय खातों को सीजकर अलोकतांत्रिक कारवाई की गई है ताकि पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए फंड न दे सके। इस दौरान तीन आज़ाद प्रत्याशियों के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद उम्मीदवारों को क्यों इस्तीफा देने की ज़रूरत पड़ी है। उन्होंने कहा कि

आज़ाद विधायक पर सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है लेकिन इनके इस्तीफे से साफ जाहिर है कि निर्दलीय विधायकों ने किसी प्रलोभन में आकर अपना इस्तीफा दिया है। सुखविंदर सुक्खू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत कारवाई करार देते हुए कहा कि चुने हुए प्रतिनिधि और पद की गरिमा को अपमानित किया गया है।

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा 9 बार समन भेजने के बावजूद भी केजरीवाल जांच से क्यों भाग रहे थे। दिल्ली से जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल करोड़ों रूपए का घोटाला करते हैं और आये दिन मीडिया में सदाचार की बातें करते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश का कानून सबके लिए बराबर है और अरविंद केजरीवाल देश के कानून से उपर नहीं है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा अरविंद केजरीवाल को समर्थन दिए जाने पर कहा कि जो कांग्रेस के नेता अरविंद केजरीवाल की जांच की मांग कर रहे थे वही आज इनके समर्थन में खड़े हैं। अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं का कृत्य लोगों के सामने उजागर हो गया है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस की प्रदेश में हास्यास्पद स्थिति बनी हुई है। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार से कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता, नेता, मंत्री और पार्टी अध्यक्ष ही नाराज हैं। जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और साथ ही प्रदेश में भी भाजपा की ही सरकार सत्तासीन होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और संगठन के बीच नाराजगी लगातार चल रही है और ये दौर पिछले 15 महीनों से जारी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के भीतर ही जोड़तोड़ का दौर चल रहा और बागियों के खिलाफ़ बदले की भावना से सरकार कारवाई कर रही है, ऐसी स्थिति में सरकार ज्यादा दिनों तक नही चलेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जयराम ठाकुर ने कहा कि– जिस पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनांदोलन से हुआ था आज उसी के बड़े नेता भ्रष्टाचार करके जेल की सलाखों के पीछे है और सैकड़ों करोड़ रुपए के शराब घोटाले के चलते केजरीवाल गिरफ्तार हुए हैं।

वर्कशॉप

लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता में मीडिया की भूमिका और समाचार रिपोर्टिंग को लेकर आज आकाशवाणी शिमला द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य रिपोर्टिंग व समाचार प्रसारण के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों को लेकर आकाशवाणी के अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन शिमला के कलस्टर हैड गुरविन्दर सिंह, राज्य निर्वाचन विभाग के निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह ठाकुर, आकाशवाणी शिमला के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा और सहायक निदेशक समाचार रितेश कपूर ने उपस्थित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह ठाकुर ने निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने और नए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए स्वीप सहित अन्य कार्यक्रम आयेजित किए जा रहे हैं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- राज्य निर्वाचन विभाग 2019 के लोकसभा चुनाव में कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केन्द्रों पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन 4 सौ 14 करेगा शुरू।
- तीन निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, के.एल. ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा सदस्यता से दिया इस्तीफा–भाजपा में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने के निर्णय को लोकतंत्र की हत्या करार दिया।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति हास्यस्पद–सरकार से अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता व मंत्री नाराज।